**सं. ए-12023/1/2023-स्था-डीबीटी [ई-17794]**

भारत सरकार

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

बायोटेक्नोलॉजी विभाग

ब्लाक- 2 (6-8वां तल)
सीजीओ काम्प्लेक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली – 110003

दिनांक: 20 जून, 2023

**रिक्ति परिपत्र**

**विषय:- बायोटेक्नोलॉजी विभाग में 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-2 (रु.19900-63200/-) में आमेलन/प्रतिनियुक्ति, के आधार पर स्टाफ कार चालक (सामान्य ग्रेड) (सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय) के 01 (एक) रिक्त पद को भरे जाने के संबंध में।**

बायोटेक्नोलॉजी विभाग में 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-2 (रु.19900-63200/-) में आमेलन/प्रतिनियुक्ति, के आधार पर स्टाफ कार चालक (सामान्य ग्रेड) (सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय) के 01 (एक) रिक्त पद को भरे जाने का प्रस्ताव हैं।

**2.** आमेलन/प्रतिनियुक्ति के लिए पात्रता की शर्तें:

**(क) केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों के ऐसे उम्मीदवार**

**आमेलन:-**

(i) जो नीचे कॉलम 2 (ख) में दर्शाई गई शैक्षिक तथा अन्य योग्यता रखते हो तथा
(ii) जो आवेदन किए गए पद के सदृश पद पर हो अथवा जिन्होंने 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर-1 (रु.18000-56900 ग्रेड वेतन) में कम से कम तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो।

**प्रतिनियुक्ति:-**

(i) जो नीचे कॉलम 2 (ख) में दर्शाई गई शैक्षिक तथा अन्य योग्यता रखते हो तथा
(ii) जो आवेदन किए गए पद के सदृश पद पर हो अथवा जिन्होंने 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर-1 (रु.18000-56900 ग्रेड वेतन) में कम से कम तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो।

**भूतपूर्व सैनिकों के लिए: प्रतिनियुक्ति/पुनर्रोजगार**

सशस्त्र सेनाओं के ऐसे कार्मिक जो एक वर्ष की अवधि के दौरान सेवा निवृत होने वाले हैं अथवा रिजर्व में स्थानान्तरित होने वाले है तथा नीचे कॉलम 2(ख) में दर्शाया गया अपेक्षित अनुभव तथा निर्धारित योग्यता रखते हैं । ऐसे व्यक्तियों को उस तारीख तक जिस दिन वे सशस्त्र सेनाओं से कार्यमुक्त किए जाने हैं प्रतिनियुक्ति शर्तों पर रखा जाएगा, इसके बाद उन्हें पुनर्रोजगार में रखा जाएगा।

(ख) **निम्नलिखित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं रखते हों :**

**अनिवार्य :**

i) मैट्रिक/दसवीं कक्षा पास की हो।
ii) मोटर कार का वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखते हों।
iii) मोटर तकनीकी की जानकारी (उम्मीदवार वाहन में सामान्य कमियों को दूर करने में सक्षम होना चाहिए)।
iv) कम से कम तीन वर्ष का मोटर कार चलाने का अनुभव।

**वांछनीय योग्यता:**
होमगार्ड/नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में तीन वर्ष की सेवा ।

**नोट :** उम्मीदवार की कार चलाने की क्षमता का आकलन करने के लिए उनका ड्राइविंग परीक्षण किया जायेगा।

**3. वेतन नियमन तथा आमेलन/प्रतिनियुक्ति के लिए अन्य शर्ते**

चयनित अभ्यर्थी का वेतन कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथासंशोधित कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था.(वेतन -II) दिनांक 17.06.2010 के अनुसार निर्धारित किया जाएगा |

**4. आयु सीमा :**

प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए उम्मीदवार की अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**5. प्रतिनियुक्ति की अवधि:**

केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**6. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण:**

प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर भरे जाने वाले पदों के मामलों में आरक्षण का प्रावधान नहीं है।

**7. आवेदन प्रस्तुत करने संबंधी अनुदेश**

उन पात्र उम्मीदवारों के आवेदन पत्र (दो प्रतियों में), जिन्हें चयन होने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, केवल निर्धारित प्रपत्र **(अनुबंध-I)** में निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ, अग्रेषण प्राधिकारी के प्रमाण पत्र **(अनुबंध-II में दिए गए प्रपत्र में)** सहित अग्रेषित कर दिए जाएं|

(i) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र
(ii) कर्मचारी पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई दीर्घ/लघु शास्तियां, यदि कोई हो की सूची (यदि कोई शास्ति नहीं लगाई गई है तो 'शून्य' प्रमाण पत्र सलंग्न किया जाए)|
(iii) सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र

(iv) पिछले 5 वर्षों की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन की अनुप्रमाणित प्रतिलिपियाँ (भारत सरकार के कम-से-कम अवर सचिव स्तर के किसी अधिकारी द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत अनुप्रमाणित)|

**8. कार्य सूची :**

(i) निर्धारित प्रारूप में लॉग बुक का रखरखाव।

(ii) निर्धारित प्रोफॉर्मा में वाहन की मरम्मत और पुर्जे बदलने का रिकॉर्ड बनाए रखना जिसमें उनकी लागत और तिथि जब मरम्मत या कल-पुर्जे बदलने गए हों का उल्लेख हो।

(iii) वाहन में पेट्रौल की खपत की लागत तथा सभी आकस्मिक रसीदों और व्ययों आदि को दर्शाने वाला एक रजिस्टर बनाए रखना।

(iv) उपकरणों की एक सूची बनाए रखना ।

(v) स्टाफ कार की समुचित सफाई तथा रखरखाव ।

(vi) किए गए सभी कार्यों या निष्पादित कार्यों का रिकार्ड बनाए रखना ।

(vii) वाहन को सदैव अच्छी कार्यशील स्थिति में रखना।

(viii) आवश्यकता पड़ने पर अपनी देखरेख में स्टाफ कार की सर्विस/मरम्मत कराने का दायित्व संभालना।

**9.** आवेदन अग्रेषित करने वाले अधिकारियों से अनुरोध हैं कि वे पात्र और इच्छुक उम्मीदवार जिन्हें चयन की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकें, के आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र **(अनुलग्नक-I)** में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों के साथ "**अनुभाग अधिकारी (स्थापना), बायोटेक्नोलॉजी विभाग, कमरा नं. 806, 8वां तल, ब्लॉक-2, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003**" को भिजवा दें। निर्धारित प्रपत्र में भरे गए तथा समुचित माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को ही स्वीकार किया जाएगा। विभाग में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख इस विज्ञापन के रोजगार समाचार/इम्प्लायमेंट न्यूज में प्रकाशन की तारीख से 30वां दिन मानी जाएगी।

**10.** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख ही पात्रता निर्धारित करने की निर्णायक तारीख मानी जाएगी। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आवेदन पत्र के बारे में अधिक जानकारी और निर्धारित प्रपत्र के लिए बायोटेक्नोलॉजी विभाग की अधिकारिक वेबसाइट **https://dbtindia.gov.in/whats-new/vacancies** का अवलोकन करें।

***नोट:*** *आवदेन जमा करने की अंतिम तारीख के बाद तथा उचित माध्यम से प्राप्त न होने वाले या अपेक्षित प्रमाण पत्रों तथा आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।*

संलग्न : अनुबंध–I और अनुबंध-II

दीपक 20/06/2023

**(दीपक शर्मा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. अवर सचिव (सीएस-I), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग – इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें ।
3. एन आई सी सेल, डीबीटी, इस रिक्ति परिपत्र को बायोटेक्नोलॉजी विभाग की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें ।

अनुबंध –I

**बायोटेक्नोलॉजी विभाग में प्रतिनियुक्ति/आमेलन के आधार पर स्टाफ कार चालक (सामान्य ग्रेड) पद के लिए आवेदन का प्रपत्र**

1.(क) नाम (स्पष्ट अक्षरों में ) :

1.(ख) डाक का पता (स्पष्ट अक्षरों में ) :

1.(ग) मोबाइल न./ ईमेल आई डी :

2. जन्म तिथि (ईसवीं सन् में ) :

3. केन्द्रीय सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृति की तिथि :

4. शैक्षणिक योग्यताएं :
(यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अलग से एक पत्रक जोड़े, जो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित हो)

5.(क) क्या आप मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद पर है: अथवा :

5.(ख) क्या आपने 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-1 (रु. 18000-56900) में या समकक्ष में तीन वर्ष नियमित सेवा की है : तथा :

5.(ग) क्या आपके पास मोटर कार चलाने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस है? यदि हाँ, तो प्रतिलिपि सलंग्न करें| :

5.(घ) क्या आपके पास मान्यता प्राप्त स्कूल/बोर्ड से मैट्रिक्यूलेशन/दसवीं पास का प्रमाण पत्र है ? यदि हाँ, तो प्रतिलिपि सलंग्न करें। :

6. कालानुक्रम में रोज़गार का विवरण (केन्द्रीय सरकार की सेवा में प्रवेश से आरम्भ करते हुए)। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अलग से एक पत्रक जोड़े, जो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित हो।

| कार्यालय संगठन | वेतनमान सहित धारित पद | सेवा की अवधि | | मूल वेतन (संशोधन पूर्व) | | | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार मूल वेतन एवं स्तर | नियुक्ति की प्रकृति (नियमित /तदर्थ / प्रतिनियुक्ति) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | वेतन बैंड में वेतन | ग्रेड वेतन | मूल वेतन | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

7. वर्तमान रोज़गार का स्वरुप अर्थात तदर्थ या अस्थायी या स्थायी :

8. यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति आधार पर है, तो कृपया उल्लेख करें :

(क) आरंभिक नियुक्ति की तारीख :
(ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि :
(ग) अपने मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आप सम्बंधित है। :

9. क्या आप संशोधित वेतनमान ले रहे है? यदि हां, तो बताएं कि किस तिथि से संशोधित हुआ और संशोधन पूर्व वेतनमान भी दर्शाएं।

| **तिथि** | **छठे केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन बैंड एवं ग्रेड पे** | **छठे केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार मूल वेतन** | **वेतन के संशोधन की तिथि** | **सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार स्तर** | **सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार संशोधित मूल वेतन** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

आवेदक के हस्ताक्षर ........................................
आवेदक का नाम........................................
कार्यालय का पूरा पता........................................
दूरभाष/फैक्स न........................................

दिनांक :

अनुबंध –II

**( नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र )**

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती..........................................................................................
द्वारा दिया गया विवरण सही है और वे इस रिक्त परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यताएं तथा अनुभव रखते/रखती है|

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :

i) श्री/श्रीमती ..................................के विरूद्ध कोई सतर्कता मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है |

ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है|

iii) भारत सरकार के अवर सचिव स्तर के या उनसे उच्च स्तर के किसी अधिकारी द्वारा विधिवत अनुप्रमाणित की गई पिछले 5 वर्षों की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन की प्रतिलिपियाँ सलंग्न है |

iv) *पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई दीर्घ/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है|

v) *पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई दीर्घ/लघु शास्तियों की सूची सलंग्न है |

हस्ताक्षर :
नाम और पदनाम :
दूरभाष न. :
फैक्स न. :
कार्यालय मुहर :

स्थान :
दिनांक :

अनुलग्नकों की सूची :
1.
2.
3.
4.
5.
6.
*(जो लागू न हो उसे काट दें)|